# BUDHA DAL PUBLIC SCHOOL PATIALA
## First Term Examination (23 September 2023)
### CLASS - VIII
### PAPER- HINDI (SET-B)

**Time: 3 hr.** **M.M. 80**

**खंड - क ( पठन)**

**प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें** (5)

जीवन में वही मनुष्य सफल है, जो समय के साथ चलता है। कुछ लोग तो ऐसे दूरदर्शी होते हैं, जो आने वाले समय को पहले भाँप जाते हैं। ऐसे व्यक्ति अपनी योजना पहले ही बना लेते हैं तथा हर कसौटी पर सफल होते हैं। हमें समय के साथ आगे बढ़ते हुए अपना काम पूरा करते रहना चाहिए। कल के भरोसे काम को छोड़ना समस्याओं को आमंत्रित करना है। समय बड़ा ही बलवान होता है। समय के अनुरूप चलने वाला गरीब से अमीर बन जाता है, जबकि समय को ठीक से न भाँपने वाला अमीर कंगाल बन जाता है। प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में कुछ ऐसे क्षण आते हैं, जिनसे उसके भाग्य का बनना और बिगड़ना तय होता है। अगर व्यक्ति ने समय की सही गति या दिशा को समझ लिया, तब तो वह सफल हो गया, अन्यथा उसके हाथ केवल असफलता ही लगेगी। खेलकूद, खासकर दौड़ की प्रतियोगिताओं में समय ही सर्वाधिक निर्णायक होता है। कल्पना चावला को ले जाने वाला अंतरिक्षयान कोलंबिया यदि कुछ मिनट और ठीक रहता, तो शायद वे और उनके सभी साथी अंतरिक्षयात्री सुरक्षित बच जाते। अतः हम कह सकते हैं कि मानव जीवन का सबसे बड़ा नियामक घटक समय ही है।

क) कैसे व्यक्ति हर कसौटी पर सफल होते हैं?

ख) मानव जीवन का सबसे बड़ा नियामक घटक क्या है?

ग) कल्पना चावला तथा उनके अंतरिक्ष यात्री कैसे सुरक्षित बच सकते थे ?

घ) प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में कैसे क्षण आते हैं?

ङ काम को कल के भरोसे छोड़ना क्या है?

**खंड - ख ( पाठ्य पुस्तक)**

**प्रश्न 2. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ बताएँ** (2)

करामात , प्रपंच , संकट, सहसा

**प्रश्न 3. निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं तीन का प्रयोग वाक्यों में करें** (3)

इंतजाम , भूलोक, सहयोगी , रसायन ,

**प्रश्न 4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्य में दें** (4)

(क) मोहन को कौन सा जादू आता था ?

(ख) जब चित्रगुप्त ने खीझकर रजिस्टर बंद किया तो उसकी चपेट में क्या आया?

(ग) सूर्य से पृथ्वी पर आने वाले प्रकाश में कौन सी किरणें होती हैं?

(घ) लेखक का तबादला होने के बाद पटेल जी के घर में किसकी मृत्यु हुई?

Scanned with OKEN Scanner

**प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर विस्तार से दें :** (4×2=8)

(क) मोहन ने चंदा इकट्ठा करने का क्या तरीका अपनाया ?

(ख) भोलाराम का जीव कहानी के माध्यम से लेखक ने किस व्यवस्था पर कटाक्ष और व्यंग किया है इसमें सुधार कैसे हो सकता है ?

(ग) ओजोन परत की सुरक्षा के लिए कौन चिंतित हैं इसकी सुरक्षा के लिए कौन से उपाय किए जाने चाहिए?

(घ) संतोष की सरिता कहानी में लेखक के बहुत कहने पर भी पटेल जी उनके घर आने को राजी क्यों नहीं हुए ?

(ङ) बदहवास-सा कमरे में घुसकर यमदूत ने क्या कहा?

**प्रश्न6. निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर दें** (3)

इस समय पर्वत का शांत परिवेश कितना सुरम्य है। ऐसा लगता है जैसे पर्वत की चोटी गर्दन उठाकर आकाश को छूने का प्रयास कर रही है। पर्वत की देह कुछ काली-काली लग रही है। सूरज की गरमी से बर्फ़ के गलने पर दरार पड़ जाती है, तभी ऐसा लग रहा है। गरमी के मौसम में तेज़ हवा के कारण बर्फ़ जल्दी ही गल गई है। इससे पहले पहाड़ों का रंग था- सफ़ेद । कुल्लू से मनाली की दूरी चालीस किलोमीटर है। यहाँ मौसम में ठंडक है। पथ के दोनों ओर के दृश्य मनमोहक और सुंदर हैं।

(क) पर्वत की चोटी क्या करते हुए प्रतीत होती है?

(ख) कुल्लु से मनाली की दूरी कितनी है?

(ग) बर्फ़ गलने से पहले पहाड़ों का रंग कैसा था?

## खंड- ग (व्यवहारिक व्याकरण)

**प्रश्न 7. निम्नलिखित खाली स्थानों की पूर्ति उचित शब्द को चुनकर करें** (2)

(क) जिस भाषा को बच्चा अपनी माँ से सीखता है उसे ___भाषा कहते हैं। (मातृभाषा , बोली)

(ख) नेपाली और मराठी भाषा की लिपि ___ है। ( हिंदी, देवनागरी, फारसी)

(ग) विचारों और भावों के आदान-प्रदान के साधन को ___ कहते हैं। (भाषा, लिपि,)

(घ) भाषण देने में भाषा का ____ रूप प्रयुक्त होता है। (लिखित, मौखिक)

**प्रश्न 8. (क) निम्नलिखित शब्दों में संधि करके शब्द को पुनः लिखें (कोई दो)** (2)

लघु + उत्तर, यथा + उचित, महा + ओजस्वी

**(ख) निम्नलिखित शब्दों में से <u>किसी एक</u> का संधि विग्रह करें** (1)

सप्तर्षि, नारीच्छा

**प्रश्न9. निम्नलिखित शब्दों में से किन्ही दो शब्दों के दो -दो पर्यायवाची शब्द लिखें** (2)

पवन , खग, गंगा

**प्रश्न 10. निम्नलिखित शब्दों का उनके सही विलोम शब्द से मिलान करें -** (2)

| | |
|---|---|
| महात्मा | उपेक्षा |
| अपेक्षा | कृपा |
| एकल | दुरात्मा |
| कोप | सामूहिक |

Scanned with OKEN Scanner

**प्रश्न 11. निम्नलिखित वाक्यों को ध्यान से पढ़कर बताएं कि उनमें रेखांकित शब्द किस अर्थ में प्रयुक्त हुआ है ?(2)**

(क) रोहन में पत्थर पर घन से वार किया। (बादल , ठोस , हथोड़ा )

(ख) हम कल सुबह पहुँच जाएँगे। ( चैन , ऊर्जा , आने वाला दिन )

**प्रश्न 12. कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से उचित शब्द छाँट कर रिक्त स्थानों की पूर्ति करें** (2)

(क) नदी के ___ पर ही हमारा घर है । ( कुल, कूल )

(ख) वह बहुत _____ है। ( चालाक, चालक)

**प्रश्न 13 (क) निम्नलिखित उपसर्गों मी से किन्ही दो का प्रयोग करके दो -दो नए शब्द बनाएँ** (2)

गैर, चौ, बिन, ला

**(ख) निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय तथा मूल शब्द अलग करें** (2)

मिलावट , मनौती

**प्रश्न 14 (क) निम्नलिखित शब्दों से समस्त पद बनाएं और समास का भेद भी बताएं (कोई दो)** (2)

(क) दाल और दही (ख) देश के लिए भक्ति (ग) शक्ति के अनुसार

**(ख) निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह करें :** गंगा- यमुना , गुणहीन (2)

**प्रश्न 15. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित अविकारी शब्दों का भेद बताएँ (कोई तीन)** (3)

(क) मोहित की आंखों के सामने अंधेरा छा गया।

(ख) मैंने बुलाया था उसने परंतु वह नहीं आ सका।

(ग) वह रात को देर से सोया था इसलिए सही समय पर जाग नहीं सका।

(घ) छी:- छी: ! यहाँ बहुत गंदगी है।

**प्रश्न 16. रचना के आधार पर निम्नलिखित वाक्यों का भेद बताएं** (2)

(क) मां ने बुलाया और हम सब घर आ गए।

(ख) वर्षा होने के कारण हम सब देर से स्कूल पहुंचे।

(ग) जब हम प्रयत्न करेंगे तभी सफलता मिलेगी।

(घ) वह स्कूल नहीं आया क्योंकि वह बीमार है।

**प्रश्न 17. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित पदबंध का भेद बताएं (कोई दो)** (2)

(क) मेहनत करने वाला छात्र ही अव्वल आ सकता है।

(ख) उसका पुत्र बहुत चतुर, समझदार और चुलबुला है।

(ग) छत पर छिपा हुआ वह हमें दिखाई नहीं दे रहा था।

**प्रश्न 18. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखो** (2)

(क) उसने निबंध लिखी।

(ख) आपको कितना संतरा चाहिए ?

(ग) पक्षी पेड़ में बैठा है।

(घ) मैं मेरी चीजों का बड़ा ध्यान रखता हूं।

Scanned with OKEN Scanner

**प्रश्न 19. दिए गए संवाद में विराम चिन्ह लगाइए** (2)

माँ अरे रोहन तुमने तो बहुत अच्छे अंक प्राप्त कर लिए

रोहन माता पिता का आशीर्वाद जो मेरे साथ था

माँ अब बताओ क्या खाओगे

रोहन आप भोजन बनाओ मैं नहा कर आता हूँ

**प्रश्न 20. (क) निम्नलिखित मुहावरे का प्रयोग वाक्य में करें (कोई दो)** (2)

टका सा जवाब देना , लोहे के चने चबाना , खिल्ली उड़ना उडाना

**(ख) निम्नलिखित लोकोक्तियां को पूरा कीजिए** (2)

(क) साँच को ______

(ख) काला अक्षर______

(ग) अंधों में______

(घ) छोटा मुंह ______

**प्रश्न21. निम्नलिखित पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार का नाम बताएं** (2)

(क) तीन बेर खाती थी वह तीन बेर खाती है ।

(ख) मुदित महिपति मंदिर आए।

**प्रश्न 22. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर अनुच्छेद लिखें** (5)

**मोबाइल फोन**

संकेत बिंदु: आवश्यकता, सुविधा का साधन, हानि और बुराइयां

**अथवा**

**संतुलित भोजन और हमारा जीवन**

संकेत बिंदु: संतुलित भोजन क्या है, आवश्यकता, लाभ तथा न खाने से होने वाली हानि

**प्रश्न 23.** अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को स्कूल में कंप्यूटर शिक्षा की समुचित व्यवस्था करने के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए । (5)

**अथवा**

कुछ अच्छी पुस्तकें मँगवाने के लिए सरिता प्रशासन के मैनेजर को पत्र लिखें ।

**प्रश्न 24.** आपके स्कूल की तरफ से दसवीं कक्षा की परीक्षा में बैठने वाले छात्रों के लिए रविवार को दोपहर 12:00 से 3:00 बजे तक तैयारी के लिए विशेष कक्षाओं की निशुल्क व्यवस्था की जा रही है इस संबंध में छात्रों के लिए एक सूचना लिखें। (4)

**अथवा**

'स्वयं की परख 'शीर्षक पर एक लघु कथा लिखें।

**प्रश्न25.** प्रदूषण पर एक सुसज्जित नारा लिखें । (3)

**अथवा**

भ्रष्टाचार पर एक सुसज्जित नारा लिखें ।

Scanned with OKEN Scanner

**BUDHA DAL PUBLIC SCHOOL PATIALA**
**First Term Examination (23 September 2023)**
**CLASS - VIII**
**PAPER- HINDI (SET-A)**

Time: 3 hr. M.M. 80

**खंड - क ( पठन)**

**प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें** (5)

ब्रह्मपुत्र के बिना आप उत्तर-पूर्वांचल के राज्यों की कल्पना नहीं कर सकते। भारत के इन सुरम्य प्रदेशों का व्यक्तित्व अधूरा रह जाता, यदि यहाँ ब्रह्मपुत्र की तीव्र धार न बहीं होती। इस क्षेत्र में ब्रह्मपुत्र को देवता की तरह पूजा जाता है। अनेक नदियाँ जहाँ देवियाँ हैं, माताएँ हैं, बहनें या बेटियाँ हैं, ब्रह्मपुत्र वहाँ देव है और पुत्र भी भारत की नदियों में यह पुरुषवाची नदी है। इसलिए इसे 'नद' कहा जाता है। यह अपने आकार प्रकार और शील-स्वभाव में ऊपर से शांत, पर नीचे विक्षुब्ध देखने में सहज, पर प्रलयंकर है। यह नद इस प्रदेश की भू-आकृति का निर्माता, संस्कृति का जनक और भौतिक समृद्धि का संवाहक है। इसके तटवासियों का सर्वस्व यदि किसी एक शक्ति में निहित है, तो वह है ब्रह्मपुत्र की शक्ति। इस विशाल अंचल में यह अपने लंबे परिवार की सहायक नदियों को साथ लेकर अज्ञातकाल से बहता आ रहा है। इसकी कृपा से यहाँ जीवन है और कोप से संहार ।

क) ब्रह्मपुत्र के बिना किन प्रदेशों का व्यक्तित्व अधूरा रह जाता है?

ख) भारत में अनेक नदियों को जहाँ माताएँ बहनें या बेटियाँ माना जाता है वहीं ब्रह्मपुत्र को क्या माना जाता है ?

ग) उत्तर पूर्व के विशाल आँचल में किसकी कृपा से जीवन है?

घ) ब्रह्मपुत्र की शक्ति में किसका सर्वस्व निहित है ?

ङ) उत्तर-पूर्वांचल के राज्यों में ब्रह्मपुत्र को किस की तरह पूजा जाता है?

**खंड - ख (पाठ्य पुस्तक)**

**प्रश्न 2. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ बताएँ** (2)

चीथड़े ,विघ्न ,विषाद ,माह

**प्रश्न 3. निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं तीन का प्रयोग वाक्यों में करें** (3)

अठन्नी ,जीव , दालान, कवच

**प्रश्न 4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्य में दें** (4)

(क) पैसों का पेड़ पाठ में बच्चे कौन-सा खेल खेल रहे थे?

(ख) चित्रगुप्त को फटकार किसने लगाई?

(ग) विश्व ओजोन दिवस कब मनाया जाता है ?

(घ) पटेल जी कहाँ के निवासी थे ?

**प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर विस्तार से दें :** (4×2=8)

(क) सभी बच्चे गमले में पैसे बोने के लिए क्यों तैयार हो गए ?

(ख) पहचानने पर भी पटेल जी ने लेखक का हाथ ही क्यों थामा?

A-1

Scanned with OKEN Scanner

(ग) बड़े साहब की दृष्टि नारद जी की वीणा पर क्यों थी ?

(घ) सूर्य की पराबैंगनी किरणें कब लाभदायक होती हैं और कब हानिकारक?

(ङ) पटेल जी की आँखों में एकाएक पानी का सैलाब क्यों उमड़ आया ?

**प्रश्न 6. निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर दें** (3)

असफलता एक चुनौती है, स्वीकार करो
क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो
जब तक न सफल हो, नींद चैन सब त्यागो तुम
संघर्ष करो, मैदान छोड़ मत भागो तुम
कुछ किए बिना ही जय-जयकार नहीं होती, हिम्मत करने वालों की हार नहीं होती

(क) सफलता मिलने तक किस का त्याग कर देना चाहिए?

(ख) असफलता को किस रूप में स्वीकार करना चाहिए?

(ग) असफलता मिलने पर क्या देखना चाहिए और क्या करना चाहिए?

## खंड- ग (व्यवहारिक व्याकरण)

**प्रश्न 7. निम्नलिखित खाली स्थानों की पूर्ति उचित शब्द को चुनकर करें** (2)

(क) भाषा का स्थानीय रूप ________कहलाता है। (मातृभाषा , बोली)

(ख) किसी भाषा को लिखने की विधि को _______कहते हैं। ( लिपि, विराम चिह्न)

(ग) हिंदी भाषा को ___ ,1949 को संविधान में राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया। ( 14 सितंबर, 14 नवंबर)

(घ) ईमेल में भाषा का ____ रूप प्रयुक्त होता है। (लिखित, मौखिक)

**प्रश्न 8 ( क) निम्नलिखित शब्दों में संधि करके शब्द को पुनः लिखें (कोई दो)** (2)

रेखा + अंकित , वीर + उचित , महा + ओध

**(ख) निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक का संधि विग्रह करें** (1)

सत्यार्थ , महर्षि

**प्रश्न9. निम्नलिखित शब्दों में से किन्ही दो शब्दों के दो -दो पर्यायवाची शब्द लिखें** (2)

पथिक, नाव, किरण

**प्रश्न 10. निम्नलिखित शब्दों का उनके सही विलोम शब्द से मिलान करें -** (2)

(क) आकर्षक I सरल
(ख) जटिल II चढ़ाव
(ग) पुरस्कृत III विकर्षण
(घ) उतार IV दंडित

प्रश्न 11 निम्नलिखित वाक्यों को ध्यान से पढ़कर बताएँ कि उनमें रेखांकित शब्द किस अर्थ में प्रयुक्त हुआ है (2)

(क) हमें वाहन तेज गति से नहीं चलाना चाहिए। (चाल , हालत)

(ख) इस जग के सभी जीव नश्वर हैं। (एक पात्र ,संसार)

प्रश्न 12. कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से उचित शब्द छाँट कर रिक्त स्थानों की पूर्ति करें (2)

(क) मेरी ___ का नाम मीना है। (अलि, अली)

(ख) हर काम____ से करना सीखो। ( क्रम, कर्म)

प्रश्न 13. (क) निम्नलिखित उपसर्गों में से किन्ही दो का प्रयोग करके दो -दो नए शब्द बनाएँ (2)

खुश, कु, बे, अध

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय तथा मूल शब्द अलग करें (2)

घबराहट , पढ़ाकू

प्रश्न 14. (क) निम्नलिखित शब्दों से समस्त पद बनाएं और समास का भेद भी बताएं (कोई दो) (2)

अमीर और गरीब , मन से चाहा , वन को गमन

(ख) निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह करें : जीवन- मरण , जन्मांध (2)

प्रश्न 15. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित अविकारी शब्दों का भेद बताएँ। (कोई तीन) (3)

(क) रोहन तालाब के पास खड़ा था।

(ख) उसने प्रयास किया परंतु असफल रहा।

(ग) वह स्कूल नहीं आया क्योंकि वह बीमार था।

(घ) अरे !आप यहां क्यों नहीं बैठ रहे ?

प्रश्न 16. रचना के आधार पर निम्नलिखित वाक्यों का भेद बताएं। (2)

(क) बादल छाए और वर्षा होने लगी।

(ख) चोट लगने के कारण वह चल नहीं पाया।

(ग) जब मैं घर जाऊँगा तब पिताजी ऑफिस जाएँगे।

(घ) आप अंदर जाइए और बैठ जाइए।

प्रश्न 17. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित पदबंध का भेद बताएं (कोई दो) (2)

(क) घर के आंगन में उगा हुआ पेड हरा भरा हो गया।

(ख) यह बहुत सुंदर दृश्य है।

(ग) छत पर छिपा हुआ वह हमें दिखाई नहीं दे रहा था।

प्रश्न 18. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखो। (2)

(क) ठंडी हवा बह रहा था।

(ख) उसकी याद में आँसू बहाने लगा।

(ग) मेरे को फल खाना है ।

(घ) तुम तुम्हारा काम इमानदारी से करो।



Scanned with OKEN Scanner

**प्रश्न19. दिए गए संवाद में विराम चिन्ह लगाइए।** (2)

पिता छी कमरा इतना गंदा क्यों है

रोहन जी अभी साफ कर दूंगा

पिता इधर उधर सामान मत फेंका करो

रोहन पापा आप बैठिए मैं अभी साफ कर देता हूँ

**प्रश्न 20. (क) निम्नलिखित मुहावरे का प्रयोग वाक्य में करें (कोई दो)** (2)

अंग अंग ढीला होना, हक्का बक्का रह जाना, आकाश से बातें करना

**(ख) निम्नलिखित लोकोक्तियां को पूरा कीजिए** (2)

1. एक अनार ______
2. बंदर क्या जाने ___
3. आ बैल ______
4. एक पंथ ______

**प्रश्न 21. निम्नलिखित पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार का नाम बताएं** (2)

(क) काली घटा का घमंड घटा

(ख) चारु चंद्र की चंचल किरणें खेल रही थी जल-थल में

**प्रश्न 22 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर अनुच्छेद लिखें** (5)

**पुस्तकों का महत्व**

संकेत बिंदु - पुस्तकें हमारी मित्र ,प्रेरणा की स्रोत ,विकास का आधार

**अथवा**

**कंप्यूटर की आवश्यकता**

संकेत बिंदु- कंप्यूटर एक विचित्र उपकरण, बढ़ता प्रयोग ,प्रयोग की सावधानियाँ

**प्रश्न 23.** अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को स्कूल में पीने के पानी की समुचित व्यवस्था करने के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए। (5)

**अथवा**

आपके घर का बिजली का मीटर खराब हो गया है इसकी जानकारी देते हुएं पी. एस. ई. बी .के निर्देशक को पत्र लिखें।

**प्रश्न 24.** आपका विद्यालय हिमाचल प्रदेश के बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए एक सांस्कृतिक संध्या (cultural eve) का आयोजन करना चाहता है। इस अवसर पर राज्य के शिक्षा मंत्री ने पधारने की मंजूरी दे दी है। इस संबंध में सांस्कृतिक सचिव की ओर से सूचना लिखिए। (4)

**अथवा**

दृढ़ निश्चय शीर्षक पर एक कहानी लिखें।

**प्रश्न 25.** स्वास्थ्य संबंधी कोई एक सुसज्जित नारा लिखें। (3)

**अथवा**

शिक्षा पर एक सुसज्जित नारा लिखें।

Scanned with OKEN Scanner